एक नजर में

## निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी द्वारा एसआईआर कार्य प्रगति का किया निरीक्षण



**आलीराजपुर** । कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गहन पुनरीक्षण निर्वाचन नामावली कार्य प्रगति के लिए प्रत्येक बूथ स्तर पर गणना पत्रक वितरण और प्राप्ति की जा रही है । ऑनलाइन प्रत्येक दिवस किए गए कार्यों की समीक्षा कर मॉनिटरिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे है । इसी दिशा में जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में निर्वाचन द्वय रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं एसडीएम श्री वीरेंद्र सिंह एवं श्री तपीस पांडे के सतत प्रयासों से एसआईआर के कार्य में निरंतर प्रगति परिलक्षित हो रही है । एसडीएम द्वारा सभी विभिन्न विभागों के अमले के साथ समन्वय कर बीएलओ द्वारा कार्य संपादित करवाने में सहयोग दिया जा रहा है। कार्य प्रगति का निरीक्षण करने के उद्देश्य से जोबट शहर के मतदान क्रमांक 257 और 258 , आलीराजपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान 149,150,152 आदि में एस डी एम द्वारा भ्रमण कर कार्य प्रगति का निरीक्षण किया गया साथ ही निरंतर मतदाताओं से संपर्क कर कार्य को गति देने के निर्देश दिए ।विकासखंड स्तर पर सूचना तंत्र प्रणाली विकसित कर प्रत्येक बूथ पर हो रही निरंतर प्रगति का आकलन की समीक्षा भी एस डी एम द्वारा की जा रही है ताकि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार कार्य संपादित हो सके । इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 5 लाख 94 हजार 273 जिसमें से 2 लाख 68 लाख 122 जो कि कुल मतदाताओं का 46 प्रतिशत । जिले के 610 बीएलओं द्वारा आगामी दिनों में शत प्रतिशत समस्त मतदाताओं का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा । सभी नागरिक बीएलओ को सही जानकारी देकर उन्हें सहयोग प्रदान करें

## कैबिनेट मंत्री चौहान ने किया तीन विद्युत डीपी का लोकार्पण



**आलीराजपुर ।** कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान ने जोबट विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 3 विद्युत डीपी का लोकार्पण किया। मंत्री श्री चौहान जोबट के ग्राम चमार बेगड़ा स्थित खाडा फलिया में सांसद निधि ने 514388 रुपए लागत से स्थापित विद्युत डीपी का लोकार्पण किया। जहां से मंत्री को चौहान बड़ा उन्डवा पहुंचे जहा उन्होंने पटेल फलिया में एवं झिंझनी फलिया में 5- 5 लाख से अधिक लागत से स्थापित दो विद्युत डीपी का लोकार्पण किया। कैबिनेट मंत्री श्री चौहान ने कहा कि क्षेत्र के किसानों एवं रहवासियों को विद्युत वॉल्टेज संबंधित किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। मंत्री श्री चौहान ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न ग्रामों के दौरे के दौरान हमारे ग्राम वासियों द्वारा अपनी विद्युत संबंधित समस्या से अवगत करवाते हुए डीपी की मांग की थी, जिसपर हमने वादा किया था कि हम आपकी समस्याओं का समाधान करेंगे, ओर उसी का नतीजा है कि हमने आज यहां नवीन डीपी का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान हितैषी एवं गरीब कल्याण के लिए वचनबद्ध है। हम बिना किसी भेदभाव के जनहित में होने वाले हर विकास कार्यों को जमीन पर उतारने में लगे हैं, जिसका फायदा सीधे हमारे गरीब एवं ग्रामों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री रिंकेश तंवर, खट्टाली मंडल अध्यक्ष मुकेश बघेल, महामंत्री ललित राठौड़, बड़ा उन्डवा सरपंच विक्रम जी, सरपंच धुंधा कनेश, चमार बेगड़ा सरपंच दुडला जी, उप सरपंच देवीसिंह, मसनी पूर्व सरपंच भेरू, भावसिंह जी, शाहरुख खत्री सहित कई जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी मौजूद रहे। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता द्वारा दी गई।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना आंबुआ का निरीक्षण

हेलमेट बैंक की सराहना व वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**आलीराजपुर** । पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस थाना आंबुआ का विस्तृत भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना भवन एवं समस्त परिसर का अवलोकन कर स्वच्छता, अनुशासन तथा कार्यप्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने थाने के हेल्पडेस्क कक्ष की व्यवस्थाओं को देखा व जनसुविधा में और अधिक सुधार लाने के निर्देश प्रदान किए। थाना आंबुआ में जन सहयोग से स्थापित हेलमेट बैंक का पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण किया गया। उपलब्ध हेलमेट की संख्या एवं स्थिति की जानकारी प्राप्त कर थाना आंबुआ में स्थापित हेलमेट बैंक की सराहना करते हुये उन्होंने इस सरल एवं जनहितकारी पहल को ओर विस्?तारीत करने को कहा । इसके साथ ही थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि— ज़ हेलमेट बैंक की जानकारी आम नागरिकों तक व्यापक रूप से पहुँचाई जाए, ज़ जन सहयोग से अधिक से अधिक हेलमेट संग्रहित किए जाएँ, ज़ दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट यात्रा न करने हेतु प्रेरित किया जाए, ज़ यात्रा पूर्ण होने के पश्चात हेलमेट को पुनः जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हेलमेट बैंक जैसी पहलें सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागृति लाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होती हैं और इनसे दुर्घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलती है। वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश- थाना निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित पुलिस स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि—ज़ बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रत्येक नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएँ। एक-एक पौधा न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर जीवन प्रदान करने में सहायक होता है।ज़ पुलिस विभाग भी सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत नियमित रूप से हरित अभियान को बढ़ावा दे रहा है ।पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने सभी को अधिकाधिक वृक्ष लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण के लिए पुलिस और जनता के संयुक्त प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।





# राहगीरों पर भारी पड़ रही यातायात पुलिस की उदासीनता

▸ **बीच सड़क पर खड़े ट्रक के ड्राइवर और मालिक करते हैं बदतमीजी**

**लक्की शर्मा**

**झाबुआ।** यूं तो झाबुआ पुलिस कप्तान शिव दयाल सिंह और उनका पूरा पुलिस महकमा हर अपराध और यातायात व्यवस्था पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है और बहुत अच्छी पुलिसिंग भी की जा रही है, किंतु इसके बावजूद मेघनगर में देखने को मिल रहा है कि स्थानीय पुलिस का यातायात व्यवस्थाओं की ओर जैसे या तो ध्यान ही नहीं है या रसूखदार ट्रक मालिकों के कारण ध्यान देना ही नही चाहते। यातायात पुलिस कि उदासीनता के चलते मेघनगर के साई चौराहे से इंडस्ट्रियल एरिया तक ट्रक मालिकों व ड्राईवरों का आलम यह है कि अन्य वाहन चालकों के द्वारा रास्ता मांगने पर ट्रक को जानबूझकर बीच रास्ते पर खड़ा करके पूरी दबंगई से आम लोगों को विवाद के लिये चुनौती देते हैं, ऐसा ही चलता रहा तो किसी बड़े विवाद से इन्कार नही किया जा सकता तो वही हर परिस्थिति में आम जनमानस को नुकसानी होना भी तय है। यहां स्थानीय यातायात पुलिस को भविष्य में अपराध कारित ना हो इस दृष्टिकोण से ट्रक मालिकों व ड्राईवरो पर समय रहते लगाम लगाना अतिआवश्यक है। अब देखना ये होगा कि स्थानीय पुलिस आम लोगों कि इस समस्या से निजात दिलवा पायेगी या पुलिस कप्तान को ही ऐसे मामलों में हस्तक्षेप करना पड़ेगा।

### दादागीरी पर उतर आया ट्रक चालक और मालिक

आजकल काफी लंबे समय से मेघनगर में साई चौराहे से लगाकर इंडस्ट्रियल एरिया तक ट्रैफिक जाम आए दिन लगा रहता है। उस वजह से आम जनता को हो रही बहुत सी परेशानियां। जब ड्राइवर से राहगीरों ने ट्रक हटाने के लिए कहा तो ट्रक नंबर एमपी 45 एच 5008 का ड्राइवर बदसलूकी पे उतर आया और उनके मालिक से ट्रक हटवाने का कहा तो मालिक बोलते हैं। ट्रक बंद करके उतर जा खड़ा रहेगा। 10 मिनट बाद ये लोग इधर-उधर से निकल जाएंगे। इस प्रकार से हो रही है ट्रक मालिकों की गुंडागिर्दी और उनके ड्राइवरों की दादागिरी, वहीं पुलिस प्रशासन मौन है।

# भारतीय संस्कृति की विरासत और इतिहास से रूबरू हुए विद्यार्थी




▸ **जिलेभर में गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन**

झाबुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आव्हान पर गायत्री परिवार द्व्रारा जिलेभर में 21 नवंबर, शुक्रवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा जिले के शहरी, नगरीय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज, छात्रावासों में सफलतापूर्वक आयोजित हुई। परीक्षा में कक्षा 5वीं से लेकर कॉलेज स्तर के विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के युग प्रवक्ता विनोदकुमार जायवाल ने बताया कि पीएमश्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय झाबुआ में 1334 छात्राओं, सफलता विद्या मंदिर पेटलावद में 664, शासकीय माध्यमिक विद्यालय झकनावदा में 551, जवाहर नवोदय विद्यालय झाबुआ में 388 एवं श्रेयर्स हाईस्कूल रायपुरिया में 300 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सहभागिता की। परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया और सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा हेतु एक दिन पूर्व तक सभी शैक्षणिक संस्थाओं में पंजीयन कार्य किया गया। जिलेभर के परीक्षार्थियों की संख्या 17 से 18 हजार के आसपास रहीं। कई संस्थाओं में विद्यार्थियों ने बरामदे, मैदान, डोम तथा स्कूल के लॉन में भी बैठकर पर्चा हल किया। जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पेटलावद के कोटड़ा, थांदला के सुजानपुर, रामा के रोटला, रानापुर के झांझरवा, झाबुआ के पिटोल छोटी, गेहलरी बड़ी, मलवान आदि स्थानों पर भी परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा के दौरान कई स्कूलों में कक्षा 5वीं के छात्रों ने ओएमआर शीट स्वयं अपने हाथों से भरकर जागरूकता का परिचय दिया।

### 80 से अधिक पर्यवेक्षकों ने किया परीक्षा का निरीक्षण

परीक्षा हेतु जिले में 80 से अधिक पर्यवेक्षक (गायत्री परिजनों) ने अपने-अपने निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण कार्य किया एवं परीक्षा को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। परीक्षा सचिव शंभुसिंह पुरोहित ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं एवं गायत्री परिजनों का इस हेतु आभार व्यक्त किया है। परीक्षा के परिणाम की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण की तिथि आगामी दिनों में तय की जाएगी।




# मप्र सिविल जज परीक्षा-2022 में घोटाले का आरोप

▸ **युकां जिलाध्यक्ष नटवरसिंह डोडियार ने पत्रकार वार्ता में कहा**

**झाबुआ। मप्र सिविल जज परीक्षा-2022 में हुए महाघोटाले एवं गड़बड़ियों के संबंध में जिला युवक कांग्रेस द्वारा गोपाल कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष नटवरसिंह डोडियार ने आरोप लगाया कि आदिवासियों के साथ निरंतर देश, प्रदेश में हो रहे परीक्षाओं में घोटाले से विद्यार्थियों का जीवन बर्बाद हो रहा है।**

ताजा मामला मप्र सिविल जज परीक्षा-2022 का है, जिसमें 191 पदों में से 121 पद अनुसूचित जनजाति आदिवासी समाज के लिए आरक्षित थे, परंतु एक पर भी भर्ती नहीं की गई। यह भेदभावपूर्ण तरीका कहीं ना कहीं भर्ती प्रक्रिया में हुए घोटाले और बड़ी गडबड़ी की ओर इशारा करता है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस इसका पूरजोर विरोध करता है एवं युवा कांग्रेस की मांग है कि अगर पुन: इस परीक्षा का आयोजन नहीं करवाया जाता है, तो युवा कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी मप्र और केंद्र सरकार की होगी।

### ▸ डॉ. विक्रांत भूरिया ने भोपाल में उठाया मुद्दा

इस अवसर पर युथ कांग्रेस के जिला प्रवक्ता लोकेन्द्र बिलवाल ने जानकारी दी कि आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया द्वारा भी इस मुद्दे को विधानसभा में पूरजोर तरीके से उठाया गया है एवं इससे मप्र कांग्रेस कमेटी को भी अवगत करवाया गया है। घोटाले के मुख्य बिंदुओं पर आपत्ति जाहिर की गई है। आगामी समय में कांग्रेस द्वारा राजधानी दिल्ली में भी इस मुद्दे को पूरजोर तरीके से उठाया जाएगा। युवा कांग्रेस भी जिले में इसको लेकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। पत्रकारवार्ता में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष नरवेश अमलियार, रानापुर ब्लॉक अध्यक्ष अनिल वसुनिया, नगर उपाध्यक्ष वसीम सैयद, हर्ष जैन,राजा कुरैशी आदि भी उपस्थित थे।

# माघ शीर्ष अमावस्या पर देवझिरी तीर्थ स्थल पर लगा भक्तों का तांता

***भगवान भोलेनाथ का लघु रूद्राभिषेक, श्रृंगार और महाआरती कर प्रसादी बांटी***

***मां नर्मदा सेवा समिति के तत्वावधान में श्री संकट मोचन महादेव मंदिर पर हुआ आयोजन***

**झाबुआ।** माघ शीर्ष अमावस्या के अवसर पर शहर के समीपस्थ देवझिरी तीर्थ स्थल पर अलसुबह से ही भक्तों की दर्शन-पूजन के लिए अत्यधिक भीड़ देखने को मिली। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में भक्तजन देवझिरी तीर्थ दर्शन हेतु पहुंचे। यहां मां नर्मदा नदी के कुंड में स्नान बाद श्री संकट मोचन महादेवजी के दर्शन किए गए। श्रद्धालुओं का दिनभर दर्शन-पूजन का क्रम चलता रहा।



माघ शीर्ष अमावस्या के उपलक्ष में मां नर्मदा सेवा समिति ने संध्याकाल पूरे मंदिर पर सफाई कार्य कर मंदिर को 500 से अधिक दीपकों से सजाया गया। भगवान भोलेनाथ का लघु रूद्राभिषेक कर श्रृंगार किया गया। बाद श्री संकट मोचन महादेवजी की महाआरती एवं नर्मदाष्टकम स्त्रोत पाठ का वाचन कर भक्तों को प्रसादी के रूप में फल, मिष्ठान आदि का वितरण किया गया। उक्त कार्य में विशेष सहयोग मां नर्मदा सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्यों में विजय चौहान, चेतन सोलंकी, संजय ओटी डाबी, भावेश पांचकुड़े, युवा भीम, गौरव, ध्रुव, जितेश, निलेश आदि का रहा।

**एक नजर** ▸ **पीएमश्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय के स्नेह सम्मेलन में मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा**

# झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती जैसी नारी शक्तियों से प्रेरणा लें

**झाबुआ। पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तेजस्विनी ज्ञान संस्कृति और शक्ति के संगम स्नेह सम्मेलन के द्वितीय दिवस समापन अवसर पर अतिथि के रूप में मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रांत मंत्री दर्शन कहार, जिला संयोजक अजय भूरिया उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सरस्वती वंदना डिंपल चौहान एंड ग्रुप ने प्रस्तुत की। पश्चात् अतिथियों का स्वागत संस्था प्राचार्य सीमा त्रिवेदी ने ऊपर्णा पहनाकर किया। स्वागत भाषण संस्था प्राचार्य सीमा त्रिवेदी ने प्रस्तुत किया। छात्र परिषद् के पदाधिकारियों ने पधारे अतिथियों का स्वागत बेज लगाकर अभिनंदन किया। इस दौरान स्वागत नृत्य संयोगिता डाबी एंड समूह द्वारा प्रस्तुत किया गया। संस्था में होने वाली वार्षिक गतिविधियों का वाचन (वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन) किरण श्रीवास्तव द्वारा किया गया। संस्था में साहित्यिक गतिविधियों को परिलक्षित करने के लिए एवं बढ़ावा देने हेतु 'सृजन' पत्रिका का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों ने प्रेरणादायी एवं ओजस्वी उद्बोधन दिया।। पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वप्रथम शालेय राज्य स्तरीय तीरंदाजी एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही शाला में राज्य की प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त संस्था की शिरीन अंसारी एवं मुशरत अंसारी को जिले की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। संस्था की 27 बेटियों को 75 प्रतिशत से अधिक अंक लैपटॉप प्राप्त करने वाली बेटियों को भी पुरस्कृत किया गया और विभिन्न गतिविधियों, खेल आदि में भी पुरस्कार प्रदान किए गए।



### ▸ वीरांगनाओं के इतिहास से करवाया रूबरू

अतिथियों द्वारा छात्राओं को नारी शक्ति, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती सहित अन्य वीरांगनाओं के इतिहास के बारे में अवगत करवाते हुए प्रेरणादायी विचार रखे गए। कार्यक्रम के अंत में संस्था द्वारा वंदे मातरम् गायन, भगवान बिरसा मुंडा एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्मतिथि को 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोबो तैयार किया जाकर अतिथियों को प्रदाय किया गया। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टॉफ, पालकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आभार मनोज सावल ने माना।

## राशियों का कलात्मक चित्रण किया, गुण भी बताए

**इंदौर .** दाऊदी बोहरा समाज सैफी नगर में बच्चों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं व प्रतिभा प्रदर्शन, खेलकुद के साथ एमएसबी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, इंदौर के माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्रों ने हिज होलिनेस सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन द्वारा ग्रह और नक्षत्र विषय पर दिए गए उपदेशों के अनुरूप 'ब्रह्मांडीय ब्रह्मांड' विषय पर विज्ञान व कला प्रदर्शनी आयोजित की. एबीएन स्कूल ने कुरान शरीफ और मॉडर्न साइंस से संबंधित आयात की प्रदर्शनी कर बच्चों का ज्ञानवर्धन किया . सैयदना साहब के प्रतिनिधि जनाब शब्बीर भाईसाहब हुसामुद्दीन की अध्यक्षता में सभी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, इस अवसर पर शेख मोहम्मद भाई कुंवर जी, सादिक खान भी उपस्थित थे। यह जानकारी देते हुए समाज के इंदौर मीडिया प्रभारी मज़हर हुसैन सेठजी वाला व सदस्य बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि प्रर्दशनी में राशियों का कलात्मक चित्रण किया और उनके गुणों को उजागर किया गया. उमूर सेहत के शेख मोहम्मद कुंवरजी, डॉ मुफज्जल रस्सी वाला ने बताया कि इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षा विषय पर विभिन्न विषयों पर अपनी प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा कौशल का शानदार प्रदर्शन किया.